तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 14.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

12 श्रम मंत्री अनिल विज बोले मैं किसी भी फाइल ...



12 200 छात्र चरित्र निर्माण को लेकर चल रहे शिविर ...



## खबर संक्षेप

### हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल कुवि में 25 से 28 तक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फिल्म फेस्टिवल विश्वविद्यालय परिसर में 25 से 28 मार्च, 2026 तक आयोजित होगा। इस दौरान देश-विदेश की चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में 38 देशों से 26 भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी।

### कुवि के नौ शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 9 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी विषय से देवेन्द्र सिंह व अनुराधा, हिंदी से अंजू व अनिता, मैनेजमेंट से सुमित सैनी, एजुकेशन से नीतू रानी, संस्कृत से सुदेश रानी, लॉ से पूजा कुमारी व जूलॉजी से निशा शामिल हैं।

### रास्ता रोककर महिला के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी व्यक्ति पर महिला को अश्लील इशारे व अश्लील बातें बोलने का आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 33 वर्षीय महिला ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही संजय उर्फ संजा उसे काफी दिन से पीछा कर परेशान कर रहा था। वह जब भी अकेली गांव में किसी काम से जाती तो आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी संजय के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### वर्दी फाड़ने व ड्यूटी में बाधा डालने का आरोप

**यमुनानगर।** व्यासपुर कोर्ट परिसर में एक महिला ने सिक्योरिटी में तैनात एसपीओ सविता के साथ गाली गलौच व मारपीट की। आरोप है कि आरोपी महिला ने एसपीओ की वर्दी फाड़ी और सरकारी काम में बाधा डाली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
जानकारी के अनुसार व्यासपुर कोर्ट परिसर में सिक्योरिटी में तैनात एसपीओ सविता ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजे वह ड्यूटी पर तैनात थी। इस दौरान बूड़िया के रति मोहल्ला निवासी पूजा कोर्ट परिसर में आई।

### कहासुनी के बाद युवक पर बोला हमला

**यमुनानगर।** जगाधरी के हनुमान गेट के पास कहासुनी होने पर एक युवक ने पटरी मोहल्ला जगाधरी निवासी अमनदीप पर लोहे के पंच से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अमनदीप का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पटरी मोहल्ला जगाधरी निवासी अमनदीप ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका साजन नामक युवक के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी उसके बाद फिर आकर मारपीट की।

### भगवान परशुराम चौक के उद्घाटन पर बोले पर्यटन मंत्री

# पिहोवा तीर्थ को पर्यटन हब बनाने के प्रयास तेज: डॉ. शर्मा

- सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने 11 लाख की अनुदान राशि की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को पिहोवा में बनाए गए भगवान श्री परशुराम चौक से प्रेरणा मिलेगी। इस चौक से भगवान श्री परशुराम के आदर्शों पर आगे बढ़ने के लिए युवाओं को आत्म बल मिलेगा। इतना ही नहीं यह भव्य चौक तीर्थ नगरी पिहोवा के सौंदर्यीकरण में भी चार चांद लगाएगा। उन्होंने कहा कि पिहोवा तीर्थ को पर्यटन हब बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को पिहोवा में नगरपालिका की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने पिहोवा में नगरपालिका की तरफ से भगवान श्री परशुराम चौक का उदघाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने मां सरस्वती मंदिर में माथा टेका और विधिवत रूप से पूजा अर्चना की है।



**पिहोवा।** भगवान श्रीपरशुराम चौक का उद्घाटन करते पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा।

### श्री परशुराम चौक से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तीर्थ नगरी पिहोवा में बनाए गए भगवान श्री परशुराम चौक से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस तीर्थ नगरी में हर वर्ष देश विदेश में लाखों श्रद्धालु पहुंचते है और इस चौक की भव्यता और सौंदर्यीकरण की अनूठी छाप यह पर्यटक अपने-अपने गृह क्षेत्र में लेकर जाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता डीडी शर्मा ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी पिहोवा के मुख्य चौक का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मुख्य चौक पर भव्य और सुंदर शंख चौक को चार चांद लगाएगा। इस चौक के जीर्णोद्घार पर लगभग 50 लाख रुपए का बजट खर्च किया है। इस तीर्थ स्थली को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए लगातार सरकार की तरफ से कार्य किए जा रहे है।

### कई बड़े कार्यक्रमों से पर्यटकों को किया जा रहा है आकर्षित

इस तीर्थ नगरी में सरस्वती महोत्सव और अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करके पर्यटकों को आकर्षित किया जा रहा है। नगरपालिका के चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने कहा कि तीर्थ नगरी पिहोवा को विकसित और सुंदर नगरी बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से लगातार योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, इस्माईलाबाद नगरपालिका अध्यक्ष मेघा बसंल, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी,शुगरफेड के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका, मन की बात प्रमुख हन्नु चक्रपाणि, राकेश पुरोहित, कार्तिक चक्रपाणि, देवीदयाल शर्मा, एडवोकेट एसडी मुरार आदि मौजूद रहे।

### कंबोपुरा के पास ट्रांसपोर्टर की दुकान के नजदीक मिला शव

# ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध मौत

*ई-रिक्शा से पार्सल गुम होने पर ट्रांसपोर्टर पर 14 लाख रुपये मांगने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के कंबोपुरा क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर की दुकान के पास एक ई-रिक्शा चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मदनपुर निवासी सुरेश (40) के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था और साथ ही कोरियर डिलीवरी का काम भी करता था। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का प्रतीत हो रहा है। मृतक की बेटी ने आरोप लगाया कि पिछले एक सप्ताह से एक ट्रांसपोर्टर उसके पिता को लगातार परेशान कर रहा था। ई-रिक्शा से एक पार्सल गुम होने की बात कहकर उनसे बार-बार संपर्क किया जा रहा था। कभी डेढ़ लाख रुपये का बिल बताया जाता, तो कभी 14-15 लाख रुपये की मांग की जाती और बाद में यह मांग बढ़ाकर 30 लाख रुपये तक पहुंचा दी गई। बेटी के अनुसार ट्रांसपोर्टर फोन कर पुलिस और कंपनी के नाम पर डराता था, जिससे पूरा परिवार तनाव में था। पार्सल पहले ही डिलीवर हो चुका था, लेकिन बाद में उसे दोबारा मंगवाया गया और उसी दौरान वह गुम हो गया।

#### की जा रही जांच

पुलिस के अनुसार कोरियर विवाद का पहलू भी जांच में शामिल किया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों का कहना है कि यह केवल हादसा नहीं बल्कि पूरे मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए।

### जमीन दिलावाने का झांसा देकर 1.37 करोड़ ठगे

- फर्जी तरीके से जमीन का पेमेंट एग्रीमेंट कर पीड़ित की जीवन भर की कमाई हड़प ली

**पानीपत।** पानीपत के अंसल सुशांत सिटी निवासी सोमनाथ को जमीन दिलाने के नाम पर करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फर्जी तरीके से जमीन का फुल पेमेंट एग्रीमेंट कर पीड़ित की जीवन भर की कमाई हड़प ली। वहीं, सोमनाथ ने थाना सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राजेश मलिक व सतिंदर निवासी गांव उग्राखेडी व कप्तान निवासी गांव कुराड जिला पानीपत और रियासत निवासी बरनाला, जिला शामली उत्तर प्रदेश ने हुडा सेक्टर-24 में एक प्लॉट दिखाने के बहाने 25 लाख रुपये ऐंठ लिए और एग्रीमेंट करवा लिया। जब सोमनाथ ने रजिस्ट्री का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गए और पैसे वापस करने के बजाय उसे गांव कुराड़ में रियासत की एक एकड़ जमीन दिलाने का लालच दिया। इधर, आरोपियों ने गांव कुराड़ की जमीन का सौदा एक करोड़ रुपये में तय किया और सोमनाथ से पूरी रकम ले ली। इतना ही नहीं, रजिस्ट्री के नाम पर आरोपियों ने सोमनाथ से 12 लाख रुपये के स्टाम्प पेपर के पैसे भी अलग से ले लिए। इस प्रकार कुल धोखाधड़ी की राशि 1 करोड़ 37 लाख रुपए तक जा पहुंची। जबकि यह भूमि भी आरोपी रियासत के नाम नहीं थी। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 दोस्त घायल

- यमुनानगर के मॉडल टाउन स्थित सुविधा मॉल के पास हादसा

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित सुविधा मॉल के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार तीन दोस्त घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की विवेक विहार कॉलोनी निवासी विशाल दिनकर ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोस्त जोगिंदर नगर निवासी अनुराग व अमर विहार कॉलोनी निवासी विशेष जोशी के साथ बाइक पर सवार होकर बाजार में किसी काम से आया था। जब वह मॉडल टाउन स्थित सुविधा मॉल के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

### 26 को अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन होगी रवाना सीएम दिखाएंगे झंडी

- बुजुर्ग श्रद्धालुओं को ट्रेन से विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे

**अंबाला।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेश के पात्र बुजुर्ग श्रद्धालुओं को अब ट्रेन के माध्यम से विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार और आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। हजारों पात्र बुजुर्गों को अयोध्या सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब 26 मार्च को अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इस तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालु 22 को सायं 5 बजे तक सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उपायुक्त ने कहा कि एक ट्रेन में 11 कोच होंगे। इनमें से 10 कोच श्रद्धालुओं के लिए होगा।

### यमुनानगर: पथराला नदी पुल के पास हादसा

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बैंक सेल्स मैनेजर की मौत

*हादसे के बाद मौके से फरार हुआ आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




लेदी-प्रतापनगर रोड पर पथराला नदी पुल के पास देर शाम ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार एक्सिस बैंक में कार्यरत ब्रांच सेल्स मैनेजर की मौत हो गई। वह रात को ड्यूटी खत्म कर बाइक पर घर लौट रहा था। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भंगेड़ी मोड़, बिलासपुर रोड निवासी मुकेश शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गणपति कॉन्वेंट स्कूल बिलासपुर में प्राइवेट नौकरी करता है। उसका चचेरा भाई धीरज शर्मा एक्सिस बैंक की शेरपुर शाखा में ब्रांच सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। वीरवार रात को धीरज शर्मा बैंक से छुट्टी के बाद घर लौट रहा था। वह सड़क खराब होने के कारण लेदी रास्ते से प्रतापनगर जा रहा था। वह भी अपने काम से घर लौट रहा था। उसे लेदी अड्डा के पास धीरज मिल गया। इसके बाद वह दोनों बाइक पर गांव की ओर चल पड़े। रात नौ बजे वह दोनों लेदी प्रतापनगर रोड पर पत्थराला नदी के पुल के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने लापरवाही से चलाते हुए धीरज की बाइक को टक्कर मार दी। धीरज बाइक सहित सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया।



### भूसे की आड़ में अंग्रेजी शराब की तस्करी 1149 पेटियां बरामद

**अंबाला।** थाना महेश नगर की पुलिस टीम ने खुड्डा खुर्द के पास एक ट्रक को काबू किया, जिसमें भूसे के कट्टों के नीचे छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। सूचना मिली थी कि एक ट्रक (जो जगाधरी-यमुनानगर की तरफ जा रहा है) में भारी मात्रा में शराब तस्करी की जा रही है। पुलिस ने नाकाबंदी कर खुड्डा खुर्द के पास ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर पाया गया कि ट्रक में ऊपर भूसे के कट्टे लदे थे नीचे अवैध शराब का जखीरा छिपाया गया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने ट्रक से कुल 1149 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। जब्त शराब में रॉयल चैलेंजर की 250 व 399 पेटी रॉयल स्टैग की 350 पेटी रॉयल चैलेंजर की 150 पेटी शामिल है। पुलिस ने ट्रक चालक शेरा को भी काबू किया है जोकि जिला बाड़मेर राजस्थान का रहने वाला है।

# इंद्री: छापेमारी कर 37 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**इंद्री।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने चाय की दुकानों और ढाबों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभागीय टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 37 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इस कार्रवाई से घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वाले दुकानदारों में हडकंप मच गया। कई स्थानों पर दुकानदारों ने जल्दबाजी में सिलेंडर हटाने का प्रयास भी किया, लेकिन टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। एएफएसओ अमन नरवाल ने बताया कि विभाग द्वारा यह एक रूटीन चेकिंग अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरों के लिए निर्धारित है और इसका व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी भी चाय की दुकान या ढाबे पर घरेलू गैस का उपयोग करते हुए पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें सिलेंडर जब्त करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।



**कुरुक्षेत्र।** एमओयू की प्रति दिखाते कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान।

### औषधीय पौधों से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जाएगा जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीसीआरएस) नई दिल्ली के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ,जिसमें दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि यह एमओयू आयुर्वेद को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। औषधीय पौधों के माध्यम से लोगों को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा,बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रेरित किया जाएगा।

### प्रतियोगिता 17 से 20 मार्च तक कुरुक्षेत्र विवि परिसर में हुई

# कुवि: महिला कुश्ती टीम बनी ओवरऑल चैंपियन, 8 पदकों के साथ रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कुश्ती टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती (फ्री स्टाइल महिला) चैम्पियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप (प्रथम स्थान) हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने खिलाड़ियों को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के बल पर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। विश्वविद्यालय खेलों के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाती रहेंगी। कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कुश्ती टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। खेल निदेशक प्रोफेसर डीएस राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 17 से 20 मार्च 2026 तक कुरुक्षेत्र विवि परिसर में आयोजित की गई।



**कुरुक्षेत्र।** विजेताओं को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो: हरिभूमि

#### 155 विश्वविद्यालयों के 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया

प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सभी 10 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष-8 स्थान प्राप्त किए। इस उपलब्धि के साथ सभी खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2026 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। टीम ने कुल 8 पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब ने द्वितीय स्थान तथा पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा (गुजरात) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 155 विश्वविद्यालयों के करीब 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर अत्यंत उच्च रहा। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

# प्रो. परमजीत खुराना गोयल पुरस्कार से होंगी सम्मानित

- 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय के भव्य समारोह में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी



हीट बायोटेक्नोलॉजी व कम्पेरेटिव जीनोमिक्स में योगदान पर होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 3 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कार समारोह में प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. परमजीत खुराना को हीट बायोटेक्नोलॉजी और कम्पेरेटिव जीनोमिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि वर्ष 1992 से विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों को यह सम्मान प्रदान करता आ रहा है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 2 लाख रुपये की नकद राशि, स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित इस भव्य समारोह में देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रो. परमजीत खुराना का जन्म 15 अगस्त 1956 को दिल्ली में हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स), परास्नातक, एमफिल. तथा पीएचडी की उपाधियां प्राप्त कीं। अपने शैक्षणिक जीवन में उन्होंने एसजीटीबी खालसा कॉलेज, दिल्ली में प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दीं और बाद में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो रहीं।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या दर्शन के लिए 26 मार्च को चलेगी ट्रेन

**करनाल।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सत्यवान ने बताया कि हरियाणा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 26 मार्च को अयोध्या के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाई जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिकों को निःशुल्क यात्रा करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि यह रेलगाड़ी अंबाला से रवाना होकर कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत और दिल्ली में भी रुकेगी, जहां से श्रद्धालु सवार हो सकेंगे। करनाल से यह रेलगाड़ी दोपहर बाद चलेगी, जिसके लिए यात्रियों को समय से पहले स्टेशन पहुंचना होगा। यात्रा के लिए 21 और 22 मार्च को पंजीकरण किया जाएगा।

### पीएनबी ने पूर्व सैनिक के परिवार को दी 50 लाख की आर्थिक सहायता

**करनाल।** पीएनबी ने बिहार रेजिमेंट के सेवानिवृत्त जेसीओ (सूबेदार) स्वर्गीय यशपाल की सेवा और बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता रक्षक योजना के तहत मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे द्वारा परिजनों को भेंट की गई। इस अवसर पर घीर शाखा के प्रमुख सहित करनाल मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। यशपाल का निधन एक सड़क दुर्घटना में हुआ था। योजना के तहत दी गई राशि नामिती निर्मला देवी के खाते में जमा कर दी गई है।

## कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में प्रशिक्षण शिविर

# विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, जिम्मेदारी और मानसिक स्वास्थ्य की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी, आपदा प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या मीनू शर्मा के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा, मानवीय मूल्यों और सामुदायिक भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक किया।

शिविर में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। अनुराधा नागिया ने आपदा प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी देते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव और सतर्कता के उपाय बताए। रेनू बलियान ने सामाजिक जागरूकता के तहत सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

दीप्ति शर्मा ने विद्यार्थियों को संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क के महत्व के बारे में समझाया। मोनिका ने मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर उपयोगी सुझाव देते हुए छात्राओं का मनोवैज्ञानिक आकलन भी किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नशा मुक्ति, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिन्हें खूब सराहा गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 116 छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर डा. परवेश, हिमांशू और सिन्धू सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

- विद्यार्थियों को जीवन रक्षक कौशल का दिया गया व्यवहारिक प्रशिक्षण

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने रेड क्रॉस समिति के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्या रेखा त्यागी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेश रंगा और करमजीत कौर तथा रेड क्रॉस समिति के संयोजक सुरेंद्र पाल की सक्रिय भूमिका रही। प्रशिक्षण की मुख्य प्रशिक्षक जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल की परामर्शदाता श्वेता धीमान रहीं। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के मूल सिद्धांत, त्वरित निर्णय, घबराहट पर नियंत्रण और समय के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। घायल व्यक्ति की स्थिति का आकलन, सुरक्षित स्थान पर ले जाना, श्वास व नाड़ी की जांच, रक्तस्राव रोकना और सही तरीके से पट्टी बांधने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।

### उपचार के तरीके

प्रशिक्षक ने मानव आकृति के माध्यम से कृत्रिम श्वसन, हृदय उत्तेजन, बेहोशी, चोट और जलने की स्थिति में उपचार के तरीकों का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों को मंच पर बुलाकर अभ्यास भी करवाया गया, जिससे प्रशिक्षण और अधिक प्रभावी बना। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक उपचार किट के उपयोग, घायलों को सुरक्षित स्थानांतरित करने और भीड़ नियंत्रण जैसे विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। समापन अवसर पर सुरेंद्र पाल ने प्रशिक्षक का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आपात स्थितियों में सक्षम बनाते हैं। प्राचार्या रेखा त्यागी ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उत्साह और अनुशासन की प्रशंसा की।

# वर्क फ्रॉम होम के झांसे में युवती से 29.58 लाख रुपये की ठगी

- छोटे मुनाफे का लालच देकर बढ़वाया निवेश, अलग-अलग खातों में डलवाई रकम

**करनाल।** शहर में वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन टास्क के नाम पर साइबर ठगों ने एक युवती से करीब 29.58 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पहले छोटे टास्क देकर मुनाफा दिखाया और फिर धीरे-धीरे बड़ी रकम अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करवा ली। शिकायत मिलने पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्हाट्सएप मैसेज से शुरू हुआ झांसा

करनाल निवासी ज्योति ने बताया कि 19 नवंबर 2025 को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया, जिसमें घर बैठे काम करने का ऑफर दिया गया। सहमति देने पर उसे टेलीग्राम ग्रुप "5811 द रॉयल मिंट" से जोड़ा गया। 20 नवंबर 2025 को उसे पहला टास्क दिया गया, जिसमें 8 हजार रुपये लगाने पर 11 हजार 806 रुपये उसके बैंक खाते में वापस आए। इसके बाद उसका भरोसा बढ़ गया।

### छोटे मुनाफे से बढ़ाया लालच

21 नवंबर को 10 हजार रुपये लगाने के बाद 19 हजार 119 रुपये और जमा करवाए गए, जिसके बदले 36 हजार 7 रुपये खाते में आए। इसके बाद 22 नवंबर को 50 हजार रुपये लगवाए गए और फिर 1.50 लाख रुपये और जमा कराने को कहा गया। इस तरह ठगों ने विश्वास जीतकर धीरे-धीरे बड़ी रकम फंसा ली। पीड़िता ने अलग-अलग तारीखों में विभिन्न बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी।

### खाते में रकम आने के बाद हुआ शक

पीड़िता के खाते में 36 हजार 7 रुपये आने के बाद साइबर थाना पुलिस ने खाते को बंद कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह फर्जी लेनदेन है। पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और ठगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीएम की धर्मपत्नी सहित कई राजनेताओं ने दी प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि

**घरौंडा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी, हरियाणा की सिंचाई, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक निर्मल सिंह, विधायक मामन खान, विधायक देवेंद्र हंस, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी, विधायक विनेश फोगाट, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, पूर्व विधायक टूडा राम, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, पूर्व विधायक नगेंद्र भढ़ाना, जेजेपी के पूर्व अध्यक्ष निशान सिंह, विरेंद्र बडखालसा, रामकुमार ऐबला सहित प्रदेश के अनेक राजनेताओं, अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने आज कुटेल स्थित कल्याण फार्म पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की माता श्रीमती प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं जताईं। बता दें कि प्रेम कौर कल्याण का 13 मार्च की रात को निधन हो गया था।

## पखवाड़े के तहत जल बचाने की पहल को मिला प्रोत्साहन

# जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच सम्मानित




**करनाल।** जल जीवन मिशन के तहत चल रहे जल संरक्षण पखवाड़े में गांवों में बेहतर कार्य करने वाले सरपंचों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में चयनित सरपंचों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता विकास सिंगरोहा, कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर, संजय शर्मा, जिला सलाहकार नेहा शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान महिला सरपंचों को जल योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अनिल कुमार को भी सम्मान दिया गया। अधिकारियों ने जल संरक्षण को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि पानी की हर बूंद की कीमत समझनी होगी।

वर्षा जल संचयन, पानी की बर्बादी रोकने और स्वच्छता जैसे छोटे प्रयास गांवों की तस्वीर बदल सकते हैं। बताया गया कि पखवाड़ा 8 मार्च से 22 मार्च तक मनाया जा रहा है, जिसके तहत लोगों को जल के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अंत में सभी से अपील की गई कि जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## श्रीराम कथा के जीवनपयोगी सूत्रों को जीवन में धारण करना ही असली लाभ

**नीलोखेड़ी।** श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के प्रथम दिन अयोध्या से पधारे प्रख्यात कथावाचक अशोक पांडेय ने श्रीराम कथा का गायन करते हुए कहा कि पूजा किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व की होत है,अर्थात चरण उसके पूजे जाते हैं जिनका आचरण शुद्ध होता है। कथा व्यास पांडेय ने कहा कि श्रीराम को कोई माने या न माने यदि उनके द्वारा मर्यादित जीवन के कुछेक प्रसंगों को भी आत्मसात कर लें जीवन सार्थक हो जाएगा। राम जो धर्म के प्रतीक हैं,उनके द्वारा स्थापित मर्यादा केवल हिंदुओं या केवल सनातन धर्म के लिए नहीं अपितु पूरी मानवता के लिए हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग श्री राम कथा हो या श्रीमद्भागवत हो केवल सुनना ही प्रयाप्त नहीं, कथा में से जीवनपयोगी सूत्रों को सुनकर और समझकर अपने जीवन में धारण करना ही कथाओं को सुनने का लाभ है। सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने बताया कि श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च तक प्रतिदिन श्रीराम कथा होगी तथा 26 मार्च को विशाल भंडारे के साथ विश्राम होगा।



कथावाचक अशोक पांडेय

## वैदिक भजन संध्या व नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित

# आर्य समाज स्थापना सप्ताह के तहत जागरूकता का दिया संदेश




**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत वैदिक भजन संध्या एवं नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना और नशे के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और भजनों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। छात्राओं ने भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

प्राचार्या ने अपने संबोधन में आर्य समाज के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में आध्यात्मिकता, अनुशासन और नैतिकता का विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और समाज के लिए आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आर्य युवती परिषद की संयोजिका डा. सुनीता, सह-संयोजिका डा. स्वाति शर्मा तथा नशा विरोधी प्रकोष्ठ एवं छात्रावास समिति की संयोजिका डा. अनुराधा नागिया और डा. दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डा. ईशा, अंशुल, डा. सीमा रानी, डा. रितु, विजेता, डा. सौम्या और डा. नीलम का विशेष सहयोग रहा।

# नई अनाज मंडी के वार्षिक चुनाव को लेकर बढ़ी गहमागहमी



**घरौंडा।** नई अनाज मंडी के वार्षिक चुनाव को लेकर सामुदायिक भवन में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें पिछले वर्ष का अनाज मंडी में प्रधान ने लेखा-जोखा दिया , जोकि सर्वसम्मति से पास किया गया। आगामी चुनाव को लेकर छह ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। इनमें सुरेंद्र जैन, विनोद जैन, हरिओम जुनेजा, सुरेश मित्तल, श्यामलाल,जसपाल नियुक्त गए।

नई अनाज मंडी के वार्षिक चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी हुई। फिलहाल प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशियों के नाम आ गए हैं। इसमें जय भगवान गोयल, पूर्व प्रधान सुखबीर संधू और राजेंद्र जैन हैं। बताया जा रहा है कि 24 मार्च को नामांकन पत्र भरे जाएंगे और 26 मार्च को चुनाव कराए जाएंगे। मंच का संचालन धीरज भाटिया ने किया बैठक में मंडी के 250 आढ़ती हिस्सा लिया और चुनाव संबधित अपने विचार साझा किए। नई अनाज मंडी के प्रधान हैप्पी पसरिचा ने बताया कि आगामी वर्ष के प्रधान पद को लेकर आढ़तियों की बैठक बुलाई गई थी। इसमें प्रधान पद के लिए तीन नाम सामने आए हैं।

## शिक्षकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

# विद्यालय में साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

- बाबा राम दास विद्यापीठ के शिक्षकों ने ज्ञान को अपने दैनिक जीवन और शिक्षण कार्य में अपनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बाबा राम दास विद्यापीठ, कुलवेहड़ी में शिक्षकों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का संचालन आर.पी. नीनू चांदना द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य नीनू चांदना के मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक रहा। प्रशिक्षण में ऑनलाइन डाटा की सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड का उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लेते हुए प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक जीवन और शिक्षण कार्य में अपनाने का संकल्प लिया।




# जिला में पेट्रोल-डीजल व गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

- अफवाहों से दूर रहने की अपील, जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिला में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक भंडारण न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो सकती है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को विशेष अभियान चलाने, स्टॉक की निगरानी और शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ता अपनी शिकायतें 1967 पर दर्ज करा सकते हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि जिला में 41 गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है। प्रतिदिन 11867 घरेलू और 260 व्यावसायिक सिलेंडरों की खपत के मुकाबले 13024 सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## लकी ड्रा के माध्यम से पात्र किसानों को मिला लाभ

# किसान प्रशिक्षण शिविर में 48 ट्रैक्टर वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

असंध की नई अनाज मंडी में आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविर में विधायक योगेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति के पात्र किसानों को लकी ड्रा के माध्यम से लगभग 48 ट्रैक्टर वितरित किए गए।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत और आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रैक्टर पर 3 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी, जबकि शेष राशि किसान द्वारा वहन की जाएगी।

शिविर में कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती, जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालन विभाग द्वारा मुफ्त दवाइयों की किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. संजय अंतिल, डॉ. वजीर सिंह, डॉ. रूपिन्द्र, डॉ. कुलबीर खतरी, डॉ. तरसेम राणा, डॉ. बलदेव राज, डॉ. श्याम सिंह, विनोद राणा गोंदर, प्रवीन राणा, रामअवतार, अमित राणा, जयबीर फौजी, पाला राम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




## कलंदर गेट गुरुद्वारा में गुरमत समागम आज

**करनाल।** गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से गुरु तेग बहादुर साहिब और शहीद सिंहों की 350वीं शहादत तथा गुरु अमरदास के गुरुगद्दी दिवस को समर्पित गुरमत समागम 21 मार्च को शाम 6:30 बजे से गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलंदर गेट में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जत्था के अध्यक्ष रतन सिंह सग्गू ने बताया कि कार्यक्रम बाबा सुखा सिंह की देखरेख में आयोजित होगा। समागम में पंथ के प्रसिद्ध रागी, ढाडी और कथावाचक संगत को गुरबाणी कीर्तन और विचारों से निहाल करेंगे।

कार्यक्रम में ज्ञानी राजदीप सिंह, हेड ग्रंथी दरबार साहिब अमृतसर, सिमरप्रीत सिंह हजूरी रागी तथा अमरजीत सिंह पटियाला विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा भी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

## आगामी 2026-27 बजट को लेकर दो बैठकों का किया आयोजन

# घरौंडा कस्बे के विकास के लिए 52 करोड़ 34 लाख का बजट पास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

आगामी 2026-27 बजट को लेकर एक नगरपालिका की एक बैठक की गई। इसमें सर्वसम्मति से बजट पास किया गया। इसमें 52 करोड़ 34 लाख का बजट पास किया गया। शुक्रवार को दो बैठकों का आयोजन किया गया। दूसरी बैठक में शहर में होने वाले विकास कार्यों के एजेंडों पर मुहर लगाई गई। शुक्रवार को सुबह लगभग 12 बजे बजट की बैठक शुरू की गई। जिसमे नगरपालिका के सचिव रविप्रकाश शर्मा ने आगामी 2026-27 का बजट पेश किया। जिस पर सभी पार्षदों ने सहमति जताई। नपा चेयरमैन ने बताया कि आगमी वर्ष 2026- 27 का बजट पास करने के लिए पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी। इसी के साथ दूसरी बैठक में शहर में होने वाले विकास कार्यों के एजेंडों पर मुहर लगाई गई। 12:30 बजे विकास कार्यों के लिए दूसरी बैठक। शहर के विकास कार्यों के लिए दूसरी बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में शहर में होने वाले विकास कार्य, वार्ड कमेटी के अनुमोदन एच केआरएनएल कर्मचारियों के तहत लगे कर्मचारियों की समयावधि बढ़ाने जैसे काफी विषय के एजेंडे पास किए गए।

बैठक में पार्षद जयनारायण पाल, बलविंदर सिंहमार, अन्नू रानी, अनुज गुप्ता अश्विनी राणा, जवाहर राणा, सुनीता देवी लखविंदर सिंह, अमन जोशी बबीता रानी, अमित गुप्ता, सरिता रानी, ओंकार दत्त शर्मा, सोमलता, संजीव पाल सोमनाथ प्रजापति, अनिल जावा, सतीश जांगडा, पालिका अभियंता संदीप राठी, जेई अंकित सहित अन्य स्टॉफ के कर्मचारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन 22 मार्च को

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना के खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में 22 मार्च निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन होगा। कैंप में लोटेश अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.दीपेंद्र गाहल्याण, चर्म रोग रोग विशेषज्ञ डॉ. हरप्रीत कौर, जरनल मेडिसिन डॉ. मोनिका अरोड़ा, दंत चिकित्सक डॉ. विनोद मित्तल नागरिकों की सेहत जाचेंगी।

### पानीपत जिले में बूंदाबांदी, बढ़ी ठंड

**पानीपत।** पानीपत जिला में वीरवार की रात व शुक्रवार को दिन भर रूक रूक का बारिश होती रही। बारिश होने से तापमान में गिरावट आई और नागरिकों को ठंड से बचने के लिए गर्म वस्त्र पहनने पडे। दूसरी ओर, हलकी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ।

### रमजान के आखिरी जुमे पर रोजेदारों ने नवाज पढ़ी

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में रमजान के आखिरी जुमे पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने नमाज अता की गई। रोजेदारों ने अल्लाह से विश्व में शांति व सद्भावना की प्रार्थना की। ईद पर्व के मद्देनजर बाजारों में रोजेदार जमकर खरीददारी कर रहे है।

### कोर्ट ने तीन आरोपी भगौड़े घोषित किए

**पानीपत।** जेएमआईसी की कोर्ट ने लीला धारी यादव निवासी गांव परढाना जिला पानीपत को भगौड़ा घोषित किया है। पश्चिम बंगाल स्थित राज मेडिकल एजेंसी के प्रोपराइटर मोहम्मद जियाउर रहमान को भगौड़ा घोषित किया गया। इधर, राजीव कुमार गौतम को भी अदालत ने भगौड़े घोषित किया गया है। तीनों मामलों में अदालत ने संबंधी थाना पुलिस को भगौड़ों को पकड कर अदालत में पेश करने के आदेश दिए है।

### पुलिस टीम ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रोहित पुत्र रविंद्र निवासी गांव छाजपुर खुर्द जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तोल के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी रोहित के खिलाफ थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### जानलेवा हमलावर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गांव इसराना में साहिल पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल फरार चौथे आरोपी अनुराग निवासी गांव बड़ी बांध को गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि इस मामले में इसराना थाना में सन्नी पुत्र कृष्ण की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने बैंकों के तीन अधिकारी पकड़े

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर कारोबारी से 37 लाख रुपये की साइबर ठगी करने मामले में निजी बैंकों के अधिकारी दिपेश निवासी छपरौली गाजियाबाद, सजल अग्रवाल निवासी बरेली व आशीष पांडेय निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश के गिरफ्तार किया है। थानेदार अजय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में आरोपियों पर बीएनएस की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज है।

### पानीपत में रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू

**पानीपत।** पानीपत जिला में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु है और किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर लें।

### सरपंच को सौकाज नोटिस

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना के सरपंच राजेश जागलान को पेड़ों की अवैध कटाई के मामले इसराना थाना पुलिस में डीडीपीओ राजेश शर्मा ने एफआईआर दर्ज करा रखी है। वहीं प्रशासन ने भी अलग से सरपंच के खिलाफ अपनी विभागीय कार्यवाही शुरू कर रखी है। आज इसराना गांव के सरपंच राजेश को सोकाज नोटिस दिया गया है।

---

सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का समापन

# मानवता की सेवा करना पुनीत कार्यः डॉ. अनुपम अरोड़ा

डॉ. आनंद ने एनएसएस स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट्स और पुरस्कार दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। वहीं, कैंप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि और वक्ता डॉ. आनंद कुमार एनएसएस समन्वयक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। डॉ. आनंद ने एनएसएस स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट्स और पुरस्कार दिए। जबकि मेहमान का स्वागत डॉ. अनुपम अरोड़ा, कॉलेज में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने पुष्प-रोपित गमले और शाल भेंट कर किया। मानवता की सेवा करना पुनीत कार्य है। कैंप में कॉलेज के 112 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया और सात दिनों में वित्तीय स्वतंत्रता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, प्रदूषण और पर्यावरण संतुलन, कन्या भ्रूण हत्या, स्वच्छता, लैंगिक समानता, साक्षरता, परिवार कल्याण और पोषण, महिलाओं की स्थिति और सुधार के उपाय, आपदा राहत तथा पुनर्वास, समाज में व्याप्त बुराईयां, डिजिटल भारत, फर्स्ट ऐड, आर्ट ऑफ लिविंग, कौशल भारत, योग जैसे विषयों पर अपने ज्ञान में वृद्धि की। एनएसएस प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रमुख समाज सेवी और विषयो के पारंगत विद्वान ने इस कैंप में शिरकत की। सात दिवसीय कैंप में छात्रों में सरबजीत सिंह एवं अंशुल जांगड़ा और छात्राओं में नैंसी एवं पूजा को सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक के सम्मान से नवाजा गया।




**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा, अतिथियों का पौधे भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### टीम वर्क के महत्व को समझाया

प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने सामूहिक जीवन और टीम वर्क के महत्व को समझाते हुए कहा कि इन कैंपों के जरिए सीखी गयी बातें और शिक्षा जीवन पर्यन्त काम आती हैं। टीम वर्क से हममें रचनात्मकता आती है और इससे हम सीखने को प्रोत्साहित होते है। टीम वर्क हमें पूरक शक्तियां भी प्रदान करता है। तनाव को कम करना, प्रदर्शन में सुधार और हमारी दक्षता और उत्पादकता में वृद्धि इसके अन्य फायदे है। देश और समाज हित से बड़ा कोई कार्य नहीं है और ऐसे ही गुण हमें अपने महापुरुषों के जीवन से ग्रहण करने चाहिए।


---

# बेटियों को विकास के अवसर देंः कौशिक

■ तलवारबाजी में जिया कांगडा ने सिल्वर मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

फेंसिंग यानि तलवारबाजी में जिया कांगडा निवासी गांव जलालपुर प्रथम ने सिल्वर मेडल जीता है। वहीं जिया को समाजसेवी व मुख्य जीवन बीमा सलाहकार आनंद कुमार कौशिक ने सम्मानित किया। कौशिक ने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित करते हुए उसे विकास के अवसर देने चाहिए। वहीं बेटियों की जिस क्षेत्र में रूचि हो अभिभावकों को उसे उसी क्षेत्र में भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण से ही भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा।



**पानीपत।** तलवारबाजी में सिल्वर मेडल विजेता जिया को सम्मानित करते आनंद कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सुरेश, बलवान, मदन, नरेश, मैनपाल, संजय, पतासो, नीलम, फूलपति, कमला समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने जिया को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

---

# जरूरतमंद रोगियों की मदद करना पुण्य कार्यः नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के मॉडल टाउन के आर्य समाज मंदिर में शहर की जनता के लिए एक हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें डायलिसिस के मरीजों के लिए छह बेड की सुविधा रहेगी। डायलिसिस के मरीजों के लिए समाजसेवी रोटरी पानीपत दक्षिण के पीपी रोटेरियन नवीन भाटिया ने सीएसआर फंड से छह लाख से अस्पताल के लिए डायलिसिस मशीन का योगदान दिया। जिसे पीडीजी रोटेरियन रमना अनेजा को सौंप दिया गया। रमना अनेजा ने कहा जीवन बचाने की दिशा में यह सराहनी कदम है। जरूरतमंद रोगियों की मदद करना पुण्य कार्य है। इधर, अध्यक्ष रोटेरियन नवीत गोयल, पीपी रोटेरियन धीरज मिगलानी ने कहा आर्य समाज मंदिर में डायलिसिस के मरीजों के लिए छह मशीने लगाई जाएगीं।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को सम्मानित करते मेजबान।

### नानक साई अवॉर्ड समारोह 25 को

**पानीपत।** साई भक्तों की आस्था का केंद्र शिर्डी में रामनवमी पर नानक सांई फाउंडेशन की ओर से विशाल सांई भक्त सम्मेलन तथा सातवें नानक सांई अवॉर्ड का समारोह 25 मार्च को आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों और संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा।

नानक सांई फाउंडेशन के प्रमुख पंढरीनाथ बोकारे ने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश भर से सांई भक्त, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

---

# समालखा में 128 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे की चेष्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

■ केयरटेकर को दी धमकी, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

समालखा में केआरबीएल लिमिटेड की 128 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद कंपनी के केयरटेकर संजय गुप्ता निवासी दिल्ली ने समालखा थाना की हल्दाना चौकी में शिकायत दी है। वहीं, गुप्ता ने पुलिस को दी बताया कि उन्हें केआरबीएल लिमिटेड द्वारा गांव भोडवाल माजरी और पट्टी कल्याणा, समालखा में स्थित 128 एकड़ जमीन की देखरेख के लिए केयरटेकर नियुक्त किया गया है। यह जमीन सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित आरएम लोढ़ा कमेटी की सितंबर सन 2025 में हुई नीलामी में कंपनी ने खरीदी थी। कंपनी को गत वर्ष तीन दिसंबर को सेल सर्टिफिकेट जारी किया गया था। इधर, गुप्ता ने बताया कि बारह मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल और चैट के जरिए पैसे की मांग की। आरोपी ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसे जान से मारकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा। दूसरी ओर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# हरियाणा की आत्मा है सांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित 11वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव के दूसरे दिन हरियाणा की लोक-संस्कृति के अनूठे रंग देखने को मिले। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में 'हरियाणा के गौरव' और पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ. महावीर गुड्डू ने शिरकत की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की विदुषी प्रो. कमला कौशिक उपस्थित रहीं। इधर, कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. रामनिवास ने मुख्य अतिथि डॉ. महावीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि प्रो. कमला कौशिक को पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।डॉ. महावीर गुड्डू ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सांग हमारी धरोहर है।




**पानीपत।** आर्य कॉलेज में पद्मश्री डॉ महावीर गुड्डू को सम्मानित करते हुए डॉ रामनिवास।

### अतिथियों का आभार व्यक्त किया

उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रत्नावली महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लुप्त होती लोक-कलाओं को पुनर्जीवित करना है। अतिथि प्रो. कमला कौशिक ने कहा कि सांग विधा में साहित्य, संगीत और नाट्य का अनूठा मिश्रण है। दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में भी आज हरियाणवी लोक-साहित्य पर शोध हो रहे हैं, जो इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है। सांग हरियाणा की आत्मा हैं।

---

# एक अप्रैल से जिले की मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी

■ रबी फसलों की खरीद को सभी मंडी में तैनात किए नोडल व सुपरवाइजरी अधिकारी, रोजाना होगी रिपोर्टिंग

**पानीपत।** पानीपत जिला प्रशासन ने रबी विपणन सीजन 2026-27 के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी है। एक अप्रैल से जिले की सभी अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी और सुपरवाइजरी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि पानीपत मंडी के लिए एसडीएम मनदीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि नायब तहसीलदार सौरभ कुमार और कानूनगो विजेंद्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाबरपुर मंडी में डीडीपीओ राजेश कुमार और हरियाणा रोडवेज के टीएम जयवीर हुड्डा के साथ कानूनगो लेखराज को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मडलौडा मंडी के लिए एमडी शुगर मिल संदीप कुमार (एचसीएस) को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि तहसीलदार वीरेंद्र गिल और कानूनगो इंतजार को जिम्मेदारी दी गई है। समालखा मंडी में एसडीएम अमित कुमार (एचसीएस) के साथ नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र और कानूनगो अनुप सिंह तैनात रहेंगे। सनौली, बाबैल और बापौली क्षेत्रों के लिए जिला राजस्व अधिकारी कनाब लाकड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

---

# शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो



**पानीपत।** जनता समाधान कैंप की शिकायतों की समीक्षा करते हुए विवेक चौधरी।

■ समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में शिकायतों को तेजी निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

समाधान प्रकोष्ठ के अंतर्गत साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव, श्रम विभाग तथा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने की।

यह बैठक मुख्य सचिव कार्यालय, हरियाणा सरकार के निगरानी एवं समन्वय प्रकोष्ठ के तहत आयोजित की गई। वहीं, रंजन ने प्रदेशभर के वर्चुअल समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निपटारे के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इधर, बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने प्रधान सचिव को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया।

### जर्मनी भेजने का झांसा देकर 65 लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत के गांव खलीला माजरा निवासी सुरेश कुमार की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के आदेश पर इसराना थाना पुलिस ने विशाल वशिष्ठ निवासी पेहवा जिला करनाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरेश ने विशाल पर उसके दो पुत्रों योगेश व टिंकू और इनके मित्र आशु को जर्मनी भेजने का झांसा देकर सन 2024 में 65 लाख रुपये की ठगी की। सुरेश ने बताया कि विशाल ने योगेश, टिंकू व आशु को वियतनाम ले जाकर छोड दिया। वियतनाम का वीजा खत्म होने पर तीनों को वहां की सरकार ने ब्लैकलिस्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि तीनों जैसे तैसे भारत वापस लौटे। उन्होंने आरोप लगाया कि नगदी वापस मांगने पर विशाल ने उन्हें हत्या करने की धमकी दी। वहीं, इसराना थाना पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

---

# आगे बढ़ने का हौंसला देती है स्पर्धाएं

■ रचनात्मक गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी कॉलेज में कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा नेल आर्ट एवं हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करती हैं, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, कन्वीनर एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रचनात्मक गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। को-कन्वीनर प्रोफेसर अजयपाल सिंह व प्रो. माधवी, डॉ. ज्योति गहलोत ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

नेल आर्ट प्रतियोगिता में प्राची प्रथम, अंशु द्वितीय, शुभनीत तृतीय रहे, वृंदा व अलीशा को सांत्वना पुरस्कार मिला। इधर, हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता में इशमीत प्रथम, हरमीत व नितिन द्वितीय, कृतिका व खुशी तृतीय रहे। जबकि ऋतु व इशा को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

---

आर्य कॉलेज में विश्व गौरैया दिवस पर पक्षी अवलोकन तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित

# इंसान की तरह पक्षी भी प्रकृति के लिए अहमः डॉ. गुप्ता

■ विद्यार्थियों को पक्षीजीव संरक्षण के लिए शोध कार्य करने को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की प्राणीशास्त्र संगठन व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस का आयोजन हुआ। वहीं भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड के वैज्ञानिक डॉ. आशीष ने पक्षी अवलोकन की तकनीकों पर आयोजित कार्यशाला में बीएससी लाइफसइंस व मल्टीडिसीप्लिनरी जूलॉजी के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। 8×40 व 10×50 की दूरबीन, डीएसएलआर या मोबाइल कैमरा से फोटो लेना, फील्ड गाइड व मोबाइल अप के उपयोग एवं पक्षियों के चोंच, पंजो वह अन्य फील्ड चिह्नों के आधार पर उन्हें पहचानने की विधि का ज्ञान दिया। प्राणीशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि साहनी ने गत वर्ष में विभिन्न रामसर साइट्स के अपने विभागीय शैक्षणिक दौरे के दौरान एकत्रित डाटा से पक्षी जीव विविधता को प्रदर्शित किया व विद्यार्थियों को पक्षीजीव संरक्षण के लिए शोध कार्य करने को प्रेरित किया। उनके द्वारा समय-समय पर की गई बर्ड फोटोग्राफी की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों ने शोध कार्य को पीपीटी प्रेजेंटेशन व फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिताओं के रूप में प्रदर्शित किया। महाविद्यालय परिसर व आसपास के शहरी क्षेत्र में पक्षी आवास बढ़ाने के लिए बर्ड हाउस बांटे गए।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड के वैज्ञानिक डॉ. आशीष के साथ विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### दाना-पानी डालने को प्रेरित किया

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व रिसोर्स पर्सन डॉ. आशीष ने प्रांगण के विभिन्न पेड़ों पर चिड़ियों के आवास को बढ़ावा देने के लिए बर्ड नेस्ट हाउस टांगे तथा विद्यार्थियों को समय-समय पर इनमें दाना-पानी डालने को प्रेरित किया। इंसान की तरह पक्षी भी प्रकृति के लिए अहम है। प्रयोगशाला के दौरान अंग्रेजों के समय सन 1750 के पक्षियों की चेक लिस्ट की तुलना आज के समय में दिखने वाले पक्षियों की भारतीय लगभग 1350 प्रजातियों से की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ई-बर्ड ऐप के प्रयोग को सिखाया गया। बर्ड एटलस 2006 में भारत में दिल्ली में बना। हरियाणा का बर्ड एटलस बनाने को प्रेरित किया। निर्णय मंडल की भूमिका डॉ. गीतांजलि साहनी, डॉ. हरदीप शर्मा व प्राध्यापिका पिंकी ने निभाई। मंच संचालन छात्रा किट्टू व खुशी ने किया। महाविद्यालय की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. मधु गाबा, अंकित व सोमनाथ उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बडौली का निरीक्षण करते हुए शिक्षा अधिकारी।

# सौंदर्यीकरण की टीम ने राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में एडीसी पानीपत की अध्यक्षता वाली टीम ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना के तहत विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिला स्तरीय निरीक्षण टीम में डिप्टी डीईओ डॉ सुनीता कादियान, एडीसी कार्यकाल के प्रतिनिधि डीईईओ कार्यालय से सुरेंद्र वर्मा और वन विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। डिप्टी डीईओ डॉ सुनीता कादियान ने स्कूल की विज्ञान और एमएसक्यूएफ़ प्रयोगशालाओं, शौचालय, पेयजल, मिड डे मील रसोई, जल संरक्षण, पुस्तकालय, खेल मैदान आदि में जाकर भौतिक निरीक्षण किया और शैक्षिक स्तर और प्रयोगिक कार्यों की बारीकी से जानकारी ली। इस अवसर पर प्राचार्य ओम सिंह राणा, प्रदीप मलिक, रविंद्र सिंह, डीपीई उमेद सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं टीम ने गांव गढ़ी सिकंदरपुर, गांव महमदपुर, गांव रिसालू, गांव नोहरा के राजकीय स्कूलों का निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में सलिप्त आरोपी रेशम कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में शिकायतकर्ता पंकज ने 11 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कुम्हार मंडी चौक कच्चा बाजार से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उससे मोटरसाईकिल बरामद की है।

### संस्कृत हमारी संस्कृति और मूल्यों की धरोहर

**शहजादपुर।** संस्कृत विभाग द्वारा प्राचार्य रोहित कुमार के निर्देशन में संस्कृत गतिविधियों के अंतर्गत नारा लेखन एवं सूक्ति लेखन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। गत दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह व रुचि के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य रोहित कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि संस्कृत भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और मूल्यों की धरोहर है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में रचित सूक्तियां एवं सदुपदेश हमें जीवन में सदाचार, अनुशासन और सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार का विकास पर व्याख्यान

**शहजादपुर।** राजकीय कालेज में एमकॉम विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार का विकास विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य रोहित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की प्रो. रेनू कुमारी एवं डॉ. सुमन लता के नेतृत्व में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य रोहित कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के इतिहास व विशेष रूप से प्राचीन सिल्क रूट रेशम मार्ग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मार्ग एशिया, यूरोप और अफ्रीका के बीच व्यापार, संस्कृति एवं ज्ञान के आदान-प्रदान का प्रमुख माध्यम रहा है।

### ठगों ने सेवादार के खाते से साफ किए 97 हजार

**अंबाला।** एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ठगों ने 5 मार्च को रेलवे रोड स्थित एसबीआई के एटीएम पर डीओ कार्यालय के सेवादार नरेश कुमार को निशाना बनाया। शातिरों ने बड़ी चालाकी से मदद के बहाने पीड़ित का एटीएम कार्ड बदल लिया व तीन दिनों के भीतर उसके खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित नरेश की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बिछपड़ी गांव के रहने वाले नरेश कुमार ने बताया कि वह डीओ कार्यालय में सेवादार के पद पर तैनात है। 5 मार्च को उन्हें कार्यालय की डाक देने पंचकूला जाना था। पैसों की जरूरत होने पर वह सुबह करीब 10 बजे रेलवे रोड स्थित एसबीआई एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचे थे।

---

### संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम

# फैशन शो में छात्राओं ने बिखेरा जलवा, दिखाया अपना हुनर



बराड़ा। फैशन शो में अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए कॉलेज छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

■ पंजाबी गिद्दा और राजस्थानी नृत्य से चार चांद लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आईक्यूए सेल की कन्वीनर डॉ. रितु चांदना द्वारा किया गया, जबकि मैडम सुमन की देखरेख में आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न आकर्षक परिधानों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फैशन शो के दौरान पंजाबी सूट, साड़ी और लहंगे जैसे पारंपरिक परिधानों में छात्राओं ने कैटवॉक से दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा। साथ ही छात्राओं ने हरियाणवी परिधान में स्थानीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए लोकनृत्य भी किया। पंजाबी गिद्दा और राजस्थानी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

#### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना ने भी छात्राओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. पूजा बैरागी ने प्रभावी ढंग से किया। निर्णायक मंडल में डॉ. शशि खुराना, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. सीमा सैनी, डॉ. सुमन देवी, मैडम रितु गुप्ता, डॉ. बिन्नी पाहवा और मैडम गगनदीप कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं के परिणामों में ड्रेस डिजाइनिंग में पायल ने बाजी मारी।नवनीत ने द्वितीय और महकप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं फैशन शो में यशवी प्रथम, जसमीत कौर (बीकॉम तृतीय वर्ष) द्वितीय और तान्या (बीए तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं। रविंद्र (बीए तृतीय वर्ष) को बेस्ट मॉडल तथा अनमोलप्रीत कौर (बीए तृतीय वर्ष) को रनर-अप चुना गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

### फाइलों की रफ्तार ही सरकार की कार्यक्षमता का पैमाना

# श्रम मंत्री अनिल विज बोले-मैं किसी भी फाइल को लंबित नहीं रहने देता

■ सरकारी कार्यों की गति ही जनता के कल्याण की असली आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। लंबित फाइलें निपटाते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रशासनिक व्यवस्था में गति और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि किसी भी सरकार की कार्यक्षमता का सही आकलन उसके कार्यालयों में फाइलों की गति से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब फाइलें समय पर आगे बढ़ती हैं, तो उसका सीधा लाभ आम जनता को मिलता है और विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलती है। विज ने स्पष्ट किया कि उनकी कार्यशैली का मूल सिद्धांत यही है कि कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। इसी उद्देश्य से वे अपने विभागों की नियमित समीक्षा करते हैं और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हैं कि प्रत्येक फाइल का शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक देरी न केवल विकास कार्यों को प्रभावित करती है, बल्कि इससे जनता का विश्वास भी कमजोर होता है। इसी क्रम में शुक्रवार क मंत्री के वरिष्ठ सचिव विजय शर्मा और निजी सचिव दलबीर सिंह उनके आवास पर पहुंचे। यहां विज ने ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम विभाग से संबंधित फाइलों की स्थिति की समीक्षा कर उनका त्वरित निपटान सुनिश्चित किया।

#### किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी

बताया कि उनके द्वारा अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निपटने के निर्देश दिए हुए है क्योंकि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और उसका मूल उद्देश्य जनकल्याण है, इसलिए हर अधिकारी और जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वह पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे।उन्होंने आगे कहा कि सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। जब तक फाइलों का समय पर निपटान नहीं होगा, तब तक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकेगा। इसी सोच के साथ वे अपने विभागों में कार्य संस्कृति को अधिक गतिशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।विज ने दोहराया कि उनके कार्यालय में किसी भी फाइल को अनावश्यक रूप से रोका नहीं जाता, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और प्रदेश की जनता को बेहतर, समयबद्ध और प्रभावी सेवाएं मिल सकें।

### प्लाट खरीद-फरोख्त पर 9.25 लाख की ठगी

**अंबाला।** महेश नगर में प्लॉट बेचने का झांसा देकर बोह स्थित डिफेंस एन्क्लेव के प्रदीप सिंह रावत से 9.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपी ने न केवल फर्जी प्लॉट दिखाए, बल्कि रुपये मांगने पर पीड़ित को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। महेश नगर थाना पुलिस ने एसपी अंबाला के आदेश पर आरोपी अभिषेक के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 2020 में उनका सौदा अभिषेक मलिक नामक व्यक्ति के साथ शिव शक्ति कॉलोनी में 183 वर्ग गज के एक प्लॉट के लिए हुआ था। प्रदीप ने इसके एवज में 9.25 लाख रुपये की फुल पेमेंट कर दी। आरोपी ने कब्जा तो दे दिया लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो पता चला कि प्लॉट आरोपी के नाम पर ही नहीं था। जब पहली जमीन विवादित निकली तो आरोपी ने उसे डिफेंस एन्क्लेव में दूसरा प्लॉट देने का वादा किया था। आरोपी ने रुपये वापस करने के बदले 10 लाख रुपये का चेक दिया था वो भी बाउंस हो गया।

---

# तकनीक का अधिक उपयोग, वित्तीय समावेशन और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर दिया विशेष जोर

■ बैंक के मुख्य कार्यालय में 19 को एक दिवसीय नेतृत्व सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




हरियाणा ग्रामीण बैंक के मुख्य कार्यालय में 19 मार्च को एक दिवसीय नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया। संकल्प अगली पीढ़ी के लिए ग्रामीण बैंकों के सुधारों को आगे बढ़ाना" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में सभी 11 क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय की टीमों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए नए सुधार एजेंडा के साथ नेतृत्व को एकजुट करना रहा। यह एजेंडा हाल ही में आयोजित डीएफएस-आईबीए और नाबार्ड, मुंबई के मंचों पर हुई चर्चाओं पर आधारित था। सत्र में आरआरबी सुधार, ईज फ्रेमवर्क, डिजिटल परिवर्तन, व्यवसाय वृद्धि और सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसमें तकनीक के अधिक उपयोग, वित्तीय समावेशन और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन "विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप एक डिजिटल रूप से सशक्त और विकासोन्मुखी बैंकिंग संस्थान बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

---

# गैस की कालाबाजारी रोकने की कसरत प्रारंभ

■ होटल व ढाबों पर हुई रेड, तीन दिन में 46 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, व्यवसायिक की जगह घरेलू का हो रहा है इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने गैस की कालाबाजारी रोकने की कसरत शुरू कर दी है। पिछले तीन दिन में चार टीमों ने दबिश देकर 46 घरेलू सिलेंडर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से जब्त किए हैं। शुक्रवार को भी टीमें अंबाला छावनी और बराड़ा क्षेत्र में जांच करने के लिए पहुंचीं। यहां से ढाबों व दुकानों से 16 सिलेंडर जब्त किए गए हैं, इसमें 9 सिलेंडर अंबाला कैंट से पकड़े गए हैं। इससे एक दिन पहले विभाग की टीमों ने 18 सिलेंडरों को पकड़ा था। जिला खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक निशांत राठी का कहना है कि इस प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा। उध बराड़ा में गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन के आदेश पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया है। अतिरिक्त खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजिंद्र कुमार ने बताया कि विभागीय टीम की ओर से वीरवार को दोसड़का मार्केट में ढाबों और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिठाई की दुकानों पर घरेलू गैस का उपयोग दिखाई दिया और टीम ने सात सिलेंडर जब्त किए हैं, इसके साथ ही इन दुकानों के मालिकों पर विभाग की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तरफ से सख्त निर्देश है।

#### स्टॉक से अधिक मांग

घरेलू गैस सिलिंडर की किल्लत अभी तक समाप्त नहीं हो पा रही है। जिले की 25 गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की कतारें लगी नजर आ रही है। इसका प्रमुख कारण स्टॉक से अधिक मांग का होना है। इस मांग के बढ़ने का कारण है कि रेहड़ियों व व्यावसायिक प्रयोग के लिए भी घरेलू गैस सिलिंडर का प्रयोग हो रहा है। दुकानों और ढाबों पर तो विभाग कार्रवाई कर रहा है पर रेहड़ियों पर भी घरेलू सिलिंडर का प्रयोग हो रहा है।

#### इन नंबरों पर करें शिकायत

| पद | मोबाइल नंबर | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|
| एएफएसओ | 9467566444 | अंबाला सिटी, मटहेड़ी, नन्यौला |
| एएफएसओ | 7404400040 | अंबाला छावनी, साहा, केसरी |
| एएफएसओ | 9485870111 | बराड़ा, मुलाना व उगाला |
| एएफएसओ | 7973480146 | शहजादपुर नारायणगढ़ |

---



नारायणगढ़। बैठक करते आर्य समाज कॉलेज विभाग के सदस्य।

#### महाराणा प्रताप को किया नमन

**नारायणगढ़।** आर्य समाज कॉलेज विभाग तथा आर्य समाज डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूलके तत्वावधान में 21 मार्च 2026 को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती एवं 22 मार्च 2026 को अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । यह आयोजन न केवल इतिहास के स्वर्णिम पलों को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग की भावना जागृत करने का भी एक महान प्रयास है। इसी आशय को लेकर राजपूत समाज के अनेकों युवाओं ने कालाअंब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज कॉलेज विभाग के महामंत्री शमशेर सिंह आर्य ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अद्वितीय साहस, स्वाभिमान और देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

---

# देवी बाला सुंदरी मंदिर में चोरी, 20 हजार रुपये की नकदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। वारदात को अंजाम देते आरोपी कैमरे में कैद।

देवी बाला सुंदरी मंदिर का छोटा दरवाजा तोड़कर चोरों ने दानपात्र चोरी कर लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की वारदात से संबंधित तथ्य जुटाए और मंदिर के पुजारी की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।जानकारी अनुसार देवी बाला सुंदरी मंदिर के पुजारी इंद्र जोशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंदिर का पुजारी है। मंदिर के सामने वाले दूसरे भवन में रहता है। शिकायत में बताया कि बुधवार की रात को देवी बाला सुंदरी मंदिर भवन का मुख्य दरवाजा और दूसरा छोटा दरवाजा सही प्रकार से बंद कर अपने निवास स्थान पर चला गया था। सुबह लगभग चार बजे जब मंदिर का दरवाजा खोला तो वहां पर सारा सामान अस्त व्यस्त हुआ पड़ा था और मंदिर का छोटा दरवाजा टूटा हुआ था। पुजारी ने शिकायत में बताया कि मंदिर में रखा दानपात्र गायब मिला। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव भारांपुर में स्थित एकांतेश्वर शिव मंदिर में बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि चोर और उनके द्वारा की चोरी की सारी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर प्रशासन की सतर्कता और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

---



नारायणगढ़। मीटिंग में मौजूद भारतीय किसान संघ के सदस्य।

#### जैविक खेती अपनाने को किया आह्वान

**नारायणगढ़।** भारतीय किसान संघ की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक शुक्रवार को खंड के गांव लखनौरा में काली माता मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान राजीव मेहता ने की। उपस्थित सदस्यों को अपने संबोधन में उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा किसानों को जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं सदस्यों को जैवित खेती के लाभ बताए। इस अवसर पर राम सिंह जिला मंत्री, विजय गौड़ संगठन मंत्री, यशपाल राणा दफरपुर उपाध्यक्ष, विकास शर्मा सहमंत्री, कुलदीप डैहर कोषाध्यक्ष, अनिल, राजसिंह, कुसलपाल, बिट्टू, अश्वनी, निर्मल नरवाल, तरसेम नरवाल, यशपाल , रमेश सरपंच ओखल, धीरज सराण, संजीव, पवन सैनी व अन्य उपस्थित रहे।

---

# गेहूं खरीद में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नायब सरकार ने तय किए नए नियम

■ बॉयोमेट्रिक से होगी एंट्री,ट्रैक्टर पर नंबर भी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते चेयरमैन जसविंद्र सिंह व अन्य।

अनाज मंडी में आने वाली फसलों की खरीद में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए इस बार सरकार ने कड़े नियम तैयार किये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जारी नये नियमों की जानकारी देने के लिए मार्केट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने आगामी फसल खरीद सीज़न को लेकर सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से विभिन्न किसान संगठनों द्वारा फसल खरीद को लेकरमांग उठाई जा रही थी। ऐसे में अब खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब जिस किसान के नाम पर फसल का पंजीकरण होगा, उसी किसान का बॉयोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए मंडी के दोनों गेटों और हैफेड कार्यालय में विशेष व्यवस्था की गई है। बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए फसल लेकर आने वाले हर ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित होना जरूरी किया गया है।

---

### पुलिस डीएवी स्कूल में आर्य समाज के स्थापना दिवस पर शिविर

# चरित्र निर्माण शिविर में 200 छात्र कर रहे कसरत

*अच्छे आचरण, नैतिक मूल्यों और अनुशासन को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। शिविर के दौरान कसरते करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज के स्थापना दिवस पर निशुल्क सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ किया गया है । इस शिविर में लगभग 200 विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है । क्रिकेट, स्केटिंग, बॉस्केट बॉल, कैरम, बॉक्सिंग, योगा , जिम्नास्टिक , कराटे आदि विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन सभी गतिविधियों में पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। शिविर में स्कूल प्रचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि परीक्षाओं के बाद सत्र समाप्त होने पर बच्चों की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को उजागर करने के लिए इस शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। जिसमें बच्चों को जीवन मूल्यों व खेलों से अवगत करवाया जाता है। बच्चे अपनी मनपसंद गतिविधियों में भाग लेकर छुटियों का मज़ा भी लेते है और बच्चों को इसके ज़रिये अपना हुनर व क्षमता दिखाने का मौका मिलता है। इसके साथ ही महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं को बताते हुए उन्होंने बच्चों को अपने चरित्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया । बच्चों को अच्छे आचरण, नैतिक मूल्यों और अनुशासन को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

#### बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को अपने जीवन में सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ आदतें और नैतिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए। सप्ताह भर चलने वाले इस निःशुल्क चरित्र निर्माण शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास (शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक) को प्रोत्साहित करना है। इन खेलों एवं गतिविधियों के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षित कोचों की व्यवस्था की गई है। जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे है, और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे है।